गौर दिखाई दे तो क्या करें और क्या न करें

ये करें ✓



गौर से सुरक्षित दूरी बनाकर रखें क्योंकि ये इंसानों से दूर रहना पसंद करते हैं

जंगल से अकेले गुज़रते समय अपने साथ लाठी रखें और आवाज़ करते रहें ताकि गौर को आपकी उपस्थिति का अहसास पहले से ही हो जाए और वह आपसे दूर रहे

अगर अचानक से गौर के साथ आपका आमना–सामना हो जाता है या आप देखते हैं कि गौर आपको देख रहा है, तो धीरे से पीछे की ओर आ जाएं

गौर अगर आपके पास आ जाए तो उसे भगाने के लिए तेज़ आवाज़ करें। उससे सुरक्षित दूरी तय करने के बाद ही उस पर से अपनी नज़र हटाएं

गौर वाले इलाके में वाहन धीरे चलाएं और सुरक्षित दूरी बनाकर रखें

गाँव में या रास्ते में गौर दिख जाने पर शांत रहें। गौर के चले जाने का इंतज़ार करें या उसे जगह देने के लिए एक तरफ़ हो जाएं ताकि आपकी उपस्थिति से उसे परेशानी न हो

खेत से निकले कचरे और रसोई के कचरे को सुनिश्चित रूप से ढकी हुई जगह में रखें। कचरे के निपटान के लिए कोई वहनीय उपाय अपनाएं

अगर आपको चोट लगी है तो तुरंत पास के अस्पताल जाएं

ये न करें ✗

सुबह जल्दी या शाम के बाद गैर–लकड़ी वन उत्पाद या पशुधन के लिए चारा इकट्ठा करने के लिए जंगल में न जाएं क्योंकि अधिकतम संघर्ष तभी होते हैं

अगर आपको लगता है कि गौर ने आपको देख लिया है तो अचानक कोई गतिविधि या भागें नहीं क्योंकि ऐसा करने से गौर आपका पीछा कर सकता है और आपको गिरा सकता है जिससे आपको गंभीर चोटें लग सकती हैं

गौर के बछड़े के पास न जाएं क्योंकि वयस्क गौर अपने बछड़ों की कड़ी हिफाज़त करते हैं और वे आप पर आक्रमण कर सकते हैं

गौर अगर आपके पीछे भागता है, तो पेड़ या पत्थरों के पीछे छिपने की कोशिश करें। अगर आप पेड़ पर चढ़ सकते हैं, तो चढ़ जाएं

अपने वाहन से न उतरें और उनका पीछा न करें क्योंकि इससे वे उत्तेजित हो सकते हैं

जानवर का रास्ता न रोकें या उसे अपने रास्ते से हट जाने को मजबूर न करें; इससे वह उत्तेजित हो सकता है

गौर को भगाने के लिए उसे पत्थर न मारें; ऐसा करने से वह बचाव के लिए आक्रमण कर सकता है

कचरे को खेत के पास या गाँव के परिसर के पास न डालें। इससे भूखे गौर आकर्षित हो सकते हैं

भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन पर भारत–जर्मनी सहयोग

भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन पर भारत–जर्मनी सहयोग
2017 – 2023
भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन
के संबंध में सामंजस्यपूर्ण सहास्तित्व पद्धति का क्रियान्वयन

german cooperation DEUTSCHE ZUSAMMENARBEIT
Implemented by giz Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH
Ministry of Environment, Forest and Climate Change Government of India
Directorate of Forests Government of West Bengal
Environment is First
आज़ादी का अमृत महोत्सव
LiFE Lifestyle for Environment
G20